**MEC**

# स्नातकोत्तर (अर्थशास्त्र) उपाधि कार्यक्रम
# (MEC)

## सत्रीय कार्य 2024–2025
## प्रथम वर्ष
## उन छात्रों के लिये जिन्होंने जनवरी 2023 या उससे पहले प्रवेश लिया था।

सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ
इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली - 110068

## एम.ए. (अर्थशास्त्र) प्रथम वर्ष
## 'सत्रीय कार्य 2024–2025

प्रिय विद्यार्थी,

जैसा कि एमईसी के लिए कार्यक्रम दर्शिका में वर्णित है, पाठ्यक्रम में सत्रीय कार्यों की अधिभारिता 30 है और पाठ्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए आपको सत्रीय कार्यों में न्यूनतम 40 अंको की प्राप्ति अवश्य करनी होगी। ध्यान दें, सत्रीय कार्यों को जमा किये बिना आप सत्रांत परीक्षा नहीं दे सकते हैं। सत्रीय कार्य पूरे करने से पहले, कृपया आप अलग से भेजी गई कार्यक्रम दर्शिका में प्रदत्त निर्देशों को पढ़ लें। प्रथम वर्ष में पाँच अनिवार्य पाठ्यक्रम हैं। प्रत्येक पाठ्यक्रम में अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य (टीएमए) शामिल हैं। आपको प्रत्येक पाठ्यक्रम के लिए अलग से सत्रीय कार्य तैयार करके इन्हें जमा कराना है। सुनिश्चित करें कि आपने उन सभी पाठ्यक्रमों के सत्रीय कार्य निर्धारित समय में जमा किए हैं, जिनकी सत्रांत परीक्षा देने की योजना आपने बनाई है।

सत्रीय कार्य करना आरंभ करने से पूर्व कार्यक्रम निदेशिका के निर्देशों को ध्यानपूर्वक समझ लें। यह बहुत महत्त्वपूर्ण है कि आप अपने शिक्षक मूल्यांकित सत्रीय कार्यों के प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में दें। आपके उत्तर बताई गई शब्द सीमा में ही होने चाहिए। याद रखें कि इन प्रश्नों के उत्तर लिखने से आपकी लेखन कला में सुधार होगा और आपकी परीक्षा हेतु तैयारी भी होगी।

आपको सत्रांत परीक्षा में शामिल होने का पात्र बनने के लिए कार्यक्रम निदेशिका में बताई गई समय सीमाओं में ही अपने सत्रीय कार्य जमा कराने होंगे। ये सत्रीय कार्य अपने अध्ययन केंद्र के संयोजक के पास निम्नलिखित समय सीमा के अंदर जमा करा देने चाहिए।

**1) 31 मार्च 2025 तक उन विद्यार्थियों के लिए जो जून 2025 सत्रांत परीक्षा देने के इच्छुक हैं।**

**2) 30 सितंबर 2025 तक उन विद्यार्थियों के लिए जो दिसम्बर 2025 सत्रांत परीक्षा देने के इच्छुक हैं।**

आपको अध्ययन केंद्र से सत्रीय कार्य जमा करने की रसीद मिलेगी। उसे संभाल कर रखें। संभव हो तो अपने सत्रीय कार्य की एक फोटो प्रतिलिपि भी अपने पास रखें। अध्ययन केंद्र मूल्यांकन के बाद आपके सत्रीय कार्य आपको लौटाएगा। अध्ययन केंद्र द्वारा आपको मिले अंक मूल्यांकन प्रभाग, इग्नू नई दिल्ली को भेजे जाएंगे।

हम आशा करते हैं कि आप सत्रीय कार्य मे ंदिए गए निर्देशों के अनुसार प्रत्येक श्रेणी के प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लिखेगें। सत्रीय कार्यों के उत्तर लिखते समय निम्नलिखित बातों को ध्यान में रखें:

**1) योजना :** सत्रीय कार्य को ध्यान से पढ़िए। सत्रीय कार्य के प्रश्न जिन इकाइयों पर आधारित हैं, उन्हें ध्यान से पढ़िए। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लिखने के लिए उसके बारे में महत्वपूर्ण तथ्य नोट कर लें, और फिर उन्हें तार्किक क्रम में व्यवस्थित कर लें।

**2) संगठन :** अपने उत्तर की कच्ची रूपरेखा बनाने से पहले कुछ बेहतर तथ्यों का चुनाव और विश्लेषण कीजिए। उत्तर की प्रस्तावना और निष्कर्ष पर विशेष ध्यान दें। उत्तर लिखने से पूर्व यह सुनिशचित कर लें कि :

क) आपका उत्तर तर्कसंगत और सुसंगत है;

ख) वाक्यों और अनुच्छेदों में स्पष्ट संबंध है; तथा

ग) उत्तर आपके भाव, शैली और प्रस्तुति के आधार पर सही है।

**3) प्रस्तुतीकरण :** जब आप अपने उत्तर से संतुष्ट हो जाएँ तो जमा कराने के लिए सत्रीय कार्यों के प्रश्नों के उत्तर की स्वच्छ प्रति तैयार करें। **उत्तर साफ–साफ और अपनी हस्तलिपि में लिखना अनिवार्य है।** यह अवश्य सुनिश्चित कर लें कि आपका उत्तर निर्धारित शब्द–सीमा के भीतर ही होना चाहिए।

शुभकामनाओं के साथ!

**पाठ्यक्रम संयोजक**

**सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ,**
**इग्नू, नई दिल्ली**

# एमईसी 001 / 101: व्यष्टि आर्थिक विश्लेषण
## शिक्षक मूल्यांकित सत्रीय कार्य (टीएमए)

**पाठ्यक्रम कोडः एमईसीः 001 / 101**
**सत्रीय कार्य कोड : एएसटी / टीएमए / 2024-25**
**कुल अंक : 100**

**नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर दें।**

**खंड – क**

**प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 700 शब्दों में देना है। इस खंड का प्रत्येक प्रश्न 20 अंक का है। संख्यात्मक प्रश्नों पर शब्द सीमा लागू नहीं होती।**

1 (क) खिलौनों का उत्पादन और बिक्री करने वाले एक छोटे कारखाने का उत्पादन फलन हैः

$$Q=5.\sqrt{L.K}$$

जहाँ Q प्रत्येक दिन उत्पादित खिलौनों की संख्या है, $L$ श्रम घंटे है और $K$ मशीन घंटे है। मान लीजिए कि हर दिन 9 श्रम घंटे और 9 मशीन घंटे का उपयोग किया जाता है, तो एक दिन में अधिकतम कितने खिलौने बनाए जा सकते हैं? श्रम के सीमांत उत्पाद की गणना करें जब 9 मशीन घंटे के साथ प्रत्येक दिन 9 घंटे का उपयोग किया जाता है।

मान लीजिए कि फर्म प्रतिदिन उपयोग किए जाने वाले श्रम और मशीनी घंटों दोनों की मात्रा दो गुणा कर देती है। उत्पादन में वृद्धि की गणना कीजिए। इस संचालन में पैमाने के प्रतिफल पर टिप्पणी कीजिए।

(ख) शेपर्ड गृहीत पद को परिभाषित कीजिए। मान लीजिए कि किसी उत्पादक का उत्पादन $Q=5L^{0.5}K^{0.3}$ दिया गया है, जहाँ Q, L और K क्रमशः उत्पादन, श्रम तथा पूँजी को निरूपित करते हैं। यदि श्रम लागत ₹1 प्रति इकाई और पूँजी ₹2 है, तो साधनों $(L, K)$ के न्यूनतम लागत संयोजन ज्ञात कीजिए।

2 निम्नलिखित कॉब–डगलस उपयोगिता फलन पर विचार कीजिएः

$U(x,y)= X^{\alpha}Y^{(1-\alpha)}$

जहाँ X और Y दो वस्तुएँ हैं जिनका उपभोग उपभोक्ता क्रमशः $P_x$ और $P_y$ की प्रति इकाई कीमतों पर करता है। उपभोक्ता की आय ₹ M मानते हुए, निर्धारित कीजिएः

(क) वस्तुओं x और y के लिए मार्शलीय माँग फलन

(ख) उपभोक्ता का अप्रत्यक्ष उपयोगिता फलन

(ग) उपभोक्ता द्वारा प्राप्त अधिकतम उपयोगिता जहां $\alpha = \frac{1}{2}, P_x = ₹2, P_y = ₹8$ और M=₹4000 है।

(घ) रॉय की सर्वसमिका (Identity)की व्युत्पत्ति कीजिए।

## खंड – ख

**प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 500 शब्दों में देना है। इस खंड का प्रत्येक प्रश्न 12 अंक का है। परिमाणात्मक प्रश्नों पर शब्द सीमा लागू नहीं होती।**

3. (क) बाज़ार विफलता से आपका क्या तात्पर्य हैं? इसके कारण क्या हैं?

(ख) दार्शनिक रॉल्स द्वारा वर्णित न्याय के दो सिद्धांत क्या हैं?

4 (क) संपूर्ण और अपूर्ण सूचना द्युतों को परिभाषित करें।

(ख) इस प्रतिप्राप्ति आव्यूह पर विचार कीजिए: ऋणात्मक संख्याएँ दो व्यक्तियों A और B के संभावी कारावास में है।

(i) दोनों के लिए अभीष्ट युक्तियाँ निर्धारित कीजिए।

(ii) क्या A तथा B व्यक्ति के समक्ष बंदी की दुविधा उपस्थित है?

| | | व्यक्ति B | |
|---|---|---|---|
| व्यक्ति A | | स्वीकारोक्ति | स्वीकारोक्ति नहीं |
| | स्वीकारोक्ति | (-5,-5) | (-1,-10) |
| | स्वीकारोक्ति नहीं | (-10,-1) | (-2,-2) |

5 (क) पेरोटो इष्टतम की शर्तें क्या हैं?

(ख) माना कि एक निवेशकर्त्ता एक व्यवसाय विकल्प के बारे में चिंतित है, जिसमें तीन संभावनाएँ हैं, प्रायिकता तथा प्रतिफल नीचे दिए गए हैः

| **प्रायिकता** | **प्रतिफल** |
|---|---|
| 0.4 | 100 |
| 0.3 | 30 |
| 0.3 | −30 |

अनिश्चित निवेश का प्रत्याशित मान क्या है? विचरण क्या है?

6 (क) क्या आप सहमत हैं कि न्यूनतम वेतन से अधिक भुगतान करके, नियोक्ता कुशल श्रमिकों को बनाए रख सकते हैं, उत्पादकता बढ़ा सकते हैं, या वफादारी सुनिश्चित कर सकते हैं? दक्षता मजदूरी मॉडल के आलोक में कथन पर टिप्पणी कीजिए।

(ख) एक उद्योग में दो फर्म 1 और 2 हैं, जिनमें से प्रत्येक क्रमशः $Q_1$ और $Q_2$ आउटपुट का उत्पादन करती है और P= 50-2Q द्वारा दी गई उद्योग मांग का सामना करती है, जहाँ P बाजार मूल्य है और Q कुल उद्योग आउटपुट का प्रतिनिधित्व करता है, जो $Q=Q_1+Q_2$ है। मान लें कि लागत फलन C=10=2q है। ऐसे उद्योग में कूर्नो संतुलन के लिए हल करें।

7 निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणीयाँ लिखिए:

(क) vNM प्रत्याक्षित सिद्धांत

(ख) स्लटस्की प्रमेय

(ग) जोखिम विरति का ऐरो–प्रैट मापक

(घ) बर्गसन–सैमुएलसन सामाजिक कल्याण फलन

# एम.ई.सी.-002: समष्टिगत आर्थिक विश्लेषण

## शिक्षक मूल्यांकित सत्रीय कार्य (टीएमए)

**पाठ्यक्रम कोड: एम.ई.सी.-002**

**सत्रीय कार्य कोड: एमईसी-002/एएसटी/2024-25**

**अधिकतम अंक: 100**

**नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर दें।**

### खंड — क

**प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 700 शब्दों में देना है। इस खंड का प्रत्येक प्रश्न 20 अंक का है।**

1) सोलो मॉडल के संदर्भ में, उस स्थिति की व्याख्या कीजिए जिसके अंतर्गत एक अर्थव्यवस्था सुस्थिर अवस्था प्राप्त करती है। अपने उत्तर को स्पष्ट करने के लिए उपयुक्त आरेख और समीकरण का प्रयोग कीजिए।
2) IS और LM वक्रों के निहितार्थ क्या हैं? वे कौन से कारक हैं जिन पर IS और LM वक्रों की स्थिति और ढलान निर्भर करते है?

### खंड — ख

**प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 500 शब्दों में देना है। इस खंड का प्रत्येक प्रश्न 12 अंक का है।**

3) उस तंत्र की व्याख्या कीजिए जिसके माध्यम से लोचशील विनिमय दर के अंतर्गत आंतरिक और बाह्य संतुलन होता है?
4) फिलिप्स वक्र क्या दर्शाता है? आप अल्पावधि और दीर्घावधि में वक्र के आकार में अंतर का किस प्रकार सामंजस्य करते हैं?
5) अंतर्जात विकास सिद्धांत का आलोचनात्मक मूल्यांकन कीजिए।
6) फर्म की संभावित प्रतिक्रियाओं के आधार पर बेरोजगारी के विभिन्न सिद्धांतों को वर्गीकृत कीजिए।
7) निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए:

   अ) सूची लागत

   ब) स्थायी आय परिकल्पना

# एम.ई.सी.-102: समष्टिगत आर्थिक विश्लेषण

## शिक्षक मूल्यांकित सत्रीय कार्य (टीएमए)

**पाठ्यक्रम कोड: एम.ई.सी.-102**

**सत्रीय कार्य कोड: एमईसी-102/एएसटी/2024-25**

**अधिकतम अंक: 100**

**नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर दें।**

### खंड — क

**प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 700 शब्दों में देना है। इस खंड का प्रत्येक प्रश्न 20 अंक का है।**

1) लुकास आपूर्ति फलन निर्दिष्ट कीजिए। इसके निहितार्थ क्या हैं? यह शास्त्रीय (क्लासिकीय) समग्र आपूर्ति फलन से किस प्रकार भिन्न है?
2) IS और LM वक्रों के निहितार्थ क्या हैं? वे कौन से कारक हैं जिन पर IS और LM वक्रों की स्थिति और ढलान निर्भर करते है?

### खंड — ख

**प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 500 शब्दों में देना है। इस खंड का प्रत्येक प्रश्न 12 अंक का है।**

3) उस तंत्र की व्याख्या कीजिए जिसके माध्यम से लोचशील विनिमय दर के अंतर्गत आंतरिक और बाह्य संतुलन होता है?
4) फिलिप्स वक्र क्या दर्शाता है? आप अल्पावधि और दीर्घावधि में वक्र के आकार में अंतर का किस प्रकार सामंजस्य करते हैं?
5) वास्तविक व्यापार चक्र मॉडल की मुख्य विशेषताएं बताइए। इसके क्या निहितार्थ हैं?
6) फर्म की संभावित प्रतिक्रियाओं के आधार पर बेरोजगारी के विभिन्न सिद्धांतों को वर्गीकृत कीजिए।
7) निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए:

   अ) पूंजी-परिसंपत्ति कीमत निर्धारण मॉडल

   ब) स्थायी आय परिकल्पना

# एमईसी–103: परिमाणात्मक विधियाँ

## शिक्षक मूल्यांकित सत्रीय कार्य (टीएमए)

**पाठ्यक्रम कोडः एमईसी 103**
**सत्रीय कार्य कोड : एएसटी/टीएमए/2024-25**
**कुल अंक : 100**

**नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर दें।**

## खंड – क

**प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 700 शब्दों में देना है। इस खंड का प्रत्येक प्रश्न 20 अंक का है। परिमाणात्मक प्रश्नों पर शब्द सीमा लागू नहीं होती।**

1 (क) निम्नलिखित उपयोगिता अधिकतमकरण समस्या पर विचार करें, जिसमें उपभोक्ता का उपयोगिता कार्य U(x,y)= $x^{0.5}y^{0.5}$ द्वारा दिया गया है। उपभोक्ता आय I=100 है और $p_x$=3 । जब उपभोक्ता की बजट बाधा बाध्य हो भी सकती है और नहीं भी, तो x तथा y को अधिकतम करने वाली उपयोगिता ज्ञात कीजिए। (कुह्न टकर विधि लागू करें)

(ख) द्वितीय क्रम इष्टतम की प्रमेय की व्याख्या कीजिए।

2 इनपुट मैट्रिक्स और अंतिम मांग वेक्टर को देखते हुए:

$$A = \begin{bmatrix} 0.05 & 0.25 & 0.34 \\ 0.33 & 0.10 & 0.12 \\ 0.19 & 0.38 & 0 \end{bmatrix} d = \begin{bmatrix} 1800 \\ 200 \\ 900 \end{bmatrix}$$

(क) 0.33,0 और 200 के अवयवों का आर्थिक अर्थ समझाइए

(ख) तीसरे स्तंभ योग के (यदि कोई हो) का आर्थिक अर्थ समझाइए

(ग) तीसरी पंक्ति के योग (यदि कोई हो) का आर्थिक अर्थ समझाइए

(घ) इस मॉडल के लिए विशिष्ट इनपुट–आउटपुट मैट्रिक्स समीकरण लिखें

(ड़)क्रैमर के नियम का उपयोग करके तीन उद्योगों के समाधान उत्पादन स्तर का पता लगाएं।

## खंड – ख

**प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 500 शब्दों में देना है। इस खंड का प्रत्येक प्रश्न 12 अंक का है। परिमाणात्मक प्रश्नों पर शब्द सीमा लागू नहीं होती।**

3. सरल (simplex) विधि का उपयोग करके समस्या का समाधान करेः

भूयिष्ठ बनाएं $\pi = 6x_1 + 2x_2 + 5x_3$

बशर्ते कि $\begin{pmatrix} 2 & 3 & 1 \\ 1 & 0 & 2 \\ 1 & 2 & 5 \end{pmatrix} \begin{pmatrix} x_1 \\ x_2 \\ x_3 \end{pmatrix} \leq \begin{pmatrix} 10 \\ 8 \\ 19 \end{pmatrix}$

और $x_{1,}x_2, x_3 \geq 0$

4 (क) एक विक्रेता के पास बिक्री करने का 50% मौका है। यदि दो ग्राहक दुकान में प्रवेश करते हैं, तो विक्रेता द्वारा बिक्री किए जाने की प्रायिकता क्या है?

(ख) यदि घटनाएं A और B स्वतंत्र हैं, तो दर्शाइए कि $A^c, B^c, A$ और B युग्म वार स्वतंत्र हैं।

5 (क) निम्नलिखित समय पथ की प्रकृति पर चर्चा कीजिएः $y_t = 3^t + 1$

(ख) समीकरण को हल करेंः $y_{0=}1$ के लिए $y_{t+1} - \frac{1}{3}y_t = 6$

6 नीचे दिए गए फलनों की भूयिष्ठकों अथवा अल्पिष्ठकों हेतु जांच कीजिएः

(क) z= $2x^2 + xy + 4y^2 + xz + z^2 + 2$

(ख) z= $e^{2x} - e^y + e^{2z} - 2(x + e) + y$

7 निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणीयाँ लिखिएः

(क) यूलर प्रमेय

(ख) रीमन संकलन (Riemann Sum)

(ग) नीति परिवर्तन बिंदु (Inflexion Point)

(घ) उपयुक्तता के गुण की काई–वर्ग जाँच (Chi square Test of goodness of Fit)

# एमईसी–004 : वृद्धि एवं विकास का अर्थशास्त्र

## शिक्षक मूल्यांकित सत्रीय कार्य (टीएमए)

**पाठ्यक्रम कोड : एमईसी–004**

**सत्रीय कार्य कोड : एमईसी–004 / सत्रीय कार्य / 2024–25**

**कुल अंक : 100**

**नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर दें।**

### खंड – क

**प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 700 शब्दों में देना है। इस खंड का प्रत्येक प्रश्न 20 अंक का है।**

1- आर्थिक वृद्धि के मुख्य स्त्रोतों की चर्चा कीजिए। वृद्धि के प्रक्रिया से अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाली मुख्य बुरे प्रभाव की चर्चा कीजिए।

2- तकनीकी प्रगति से आप क्या समझते हैं? तकनीकी प्रगति तथा कुल कारक उत्पादिता के बीच क्या सबंध है? हिक्स हैरड तथा सोलो द्वारा प्रतिवादित निष्पक्ष प्रगति के विभिन्न संकल्पनाओं की चर्चा कीजिए।

### खंड – ख

**प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 500 शब्दों में देना है। इस खंड का प्रत्येक प्रश्न 12 अंक का है।**

3- नवक्लासिक सदृश मे मानव पूँजी को शामिल करने की मैंकिव–रोमर–वाइल के द्वारा किय विस्तार की व्याख्या कीजिए।

4- वास्तविक व्यापार चक्र सदृश के मुख्य विशेषतायें क्या हैं? एक वास्तविक व्यापार चक्र के मूल ढ़ाँचे की व्याख्या कीजिए।

5- ऐडम स्मिथ के विकास संबंधित सिद्धांत की रिकार्डो के सिद्धांत से तुलना कीजिए तथा इनमें अंतर बताईये।

6- मइग्रेशन संबद्धित हैरिस–टोडारो सदृश की चर्चा कीजिए। इस सदृश का क्या प्रभाव रहा है? विकासशील देशों के लिये इसका तात्पर्य क्या है?

7- साख–लाभ विश्लेषण समझाइये। किसी साख–लाभ विश्लेषण में लिये जाने वाले मुख्य पदाक्षेप की व्याख्या कीजिए।

# एम.ई.सी.–105 : भारतीय आर्थिक नीति
## शिक्षक मूल्यांकित सत्रीय कार्य (टीएमए)

पाठ्यक्रम कोडः एम.ई.सी.–105
सत्रीय कार्य कोड : एम.ई.सी.-105/ए.एस.टी.(टी.एम.ए.)/2024.25
**पूर्णांक : 100**

**नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर दें।**

## खंड – क

**प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 700 शब्दों में देना है। इस खंड का प्रत्येक प्रश्न 20 अंक का है।**

1. ''भारत जैसे गरीब देश में महज रोजगार में बने रहना एवं अच्छे जीवन स्तर को सुनिश्चित नहीं करता''- क्या आप इस कथन से सहमत है?अपने उत्तर के समर्थन में कारण दें।

2. किसी अर्थव्यवस्था में आय की असमानताओं को किस प्रकार मापा जाता है? भारत में फैली वृहद गरीबी के लिए असमानताओं के नीतिगत निहितार्थ क्या है? क्या आप ऐसा मानते हैं कि इस विषय में सामाजिक संरक्षण महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकता है?

## खंड – ख

**प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 500 शब्दों में देना है। इस खंड का प्रत्येक प्रश्न 12 अंक का है।**

3. आर्थिक संवृद्धि एवं आर्थिक विकास में अंतर बतायें। सोदाहरण व्याख्या करें कि किस प्रकार आर्थिक विकास आर्थिक कल्याण का बेहतर मापक है?

4. भारत के किन्हीं चार प्रमुख चिन्तनीय मुद्दों की व्याख्या करें। उच्च मूल्य वाली फसलों के प्रति कृषि का विविधीकरण इन मुद्दों के समाधान हेतु कहाँ तक मददगार होगा?

5. वित्तीय असंतुलन से आप क्या समझते हैं? वित्तीय असंतुलन को दूर करने के लिए आप किन उपायों का सुझाव देना चाहेंगे।

6. भारत में सेवा क्षेत्र की संवृद्धि के मार्ग में आने वाली रूकावटों को बतायें। इन रूकावटों को दूर करने हेतु आप कौन से सुझाव देना चाहेंगे।

7. निम्नलिखित पर संक्षिप्त नोट लिखें:

   i) खाद्य सुरक्षा
   ii) कीमत विरोधाभास
   iii) सार्वजनिक–निजी भागेदारी
   iv) रोजगार लोच

# एम.ई.सी.–205 : भारतीय आर्थिक नीति
## शिक्षक मूल्यांकित सत्रीय कार्य (टीएमए)

**पाठ्यक्रम कोडः एम.ई.सी.–205**
**सत्रीय कार्य कोड : एम.ई.सी.-205/ए.एस.टी.(टी.एम.ए.)/2024-25**
**पूर्णांक : 100**

**नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर दें।**

### खंड – क

**प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 700 शब्दों में देना है। इस खंड का प्रत्येक प्रश्न 20 अंक का है।**

1. ''जनांकिकीय लाभांश एक बार आने वाला अवसर है और इसके 25 वर्ष तक चलने की उम्मीद है''- इस कथन के आलोक में जनांकिकीय लाभांश प्राप्त करने के मार्ग में आने वाली चुनौतियों की व्या**ख्या** करें।

2. शासन एवं सरकार के बीच अंतर बतायें। वेबसाइट http://info.worldBank.org/governance/wgi के माध्यम से विश्वव्यापी शासन संकेतक परियोजना और भारत के कुल संकेतकों को बतायें। यह भी बताऐं कि भारत ने इन विभिन्न आयामों में कैसा प्रदर्शन किया है **?**

### खंड – ख

**प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 500 शब्दों में देना है। इस खंड का प्रत्येक प्रश्न 12 अंक का है।**

3. वित्तीय असंतुलन क्या हैं? इसके विभिन्न मापक क्या हैं? वित्तीय असंतुलनों के दूर करने में FRBM कहाॅ तक प्रभावी हुआ है?

4. जलवायु परिवर्तन से आप क्या समझते हैं ?क्या इससे भारतीय कृषि प्रभावित हुई है? जलवायु परिवर्तन के दुष्परिणामों को कम करने में कौन कौन से प्रयास किए गये हैं?

5. अनौपचारिक क्षेत्र क्या है ?अनौपचारिक क्षेत्र द्वारा सामना की जाने वाली चुनौतियों की चर्चा करें।

6. 2014-15 से भारत के भुगतान संतुलन की प्रमुख चुनौतियों एवं प्रवृतियों का लेखा जोखा दें।

7. निम्नलिखित पर संक्षिप्त नोट लिखें

(i) क्षेत्रीय विषमताऐं
(ii) रोजगार लोच
(iii) समाहित संवृद्धि
(iv) अंतरराज्यीय परिषद्